# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–12.07.2024** **(संध्या 1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पद की भर्ती में अब 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित, रांची में 26 जुलाई से शुरू होगी सेना भर्ती रैली।**
2. **केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का लिया निर्णय, अधिसूचना जारी।**
3. **पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित तीन आरोपियों के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट को पीएमएलए कोर्ट ने ठहराया सही, टेंडर कमीशन घोटाला से जुड़ा है मामला।**
4. **राज्यभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल, लगभग 10 लाख मामलों के निष्पादन का है लक्ष्य।**

***************

केंद्रीय बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने इसकी घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सुरक्षा बल के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। इधर, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि इससे सभी बलों को फायदा होगा।

रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि आरपीएफ में कांस्टेबल पद के लिए सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि आरपीएफ पूर्व अग्निवीरों के स्वागत के लिए उत्साहित है।

सशस्त्र सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा है कि बल ने पूर्व अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल की 10 प्रतिशत रिक्तियों में पहले बैच को आयु में पांच साल की छूट देने का निर्णय लिया है।

***************

राजधानी रांची के खेलगांव स्थित फुटबॉल मैदान में सेना भर्ती रैली 26 जुलाई से शुरू होकर 10 अगस्त तक चलेगी। सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी किया है। इसके तहत दो पालियों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती होगी। इस दौरान पीने का पानी, शौचालय, बिजली, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और यातायात व्यवस्था बनाए रखने का भी निर्देश जारी किया गया है।

***************

केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया है। इसे लेकर आज अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बता दें कि इस दिन तत्काललीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगाया था।

इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस उन घटनाओं का स्मरण कराएगा, जब भारत के संविधान को रौंदा गया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों को सहा था और कांग्रेस ने भारतीय इतिहास में एक काला अध्याय लिखा था।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित समारोह में राज्य के डेढ़ हजार स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर श्रम मंत्री सत्यनन्द भोक्ता, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

***************

टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर धन–शोधन निवारण अधियनियम–पीएमएलए कोर्ट ने आज संज्ञान लिया है। ईडी ने चार जुलाई को पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव कुमार लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने सही ठहराया है। संज्ञान लेने के साथ ही अब मामले में आरोपितों को पुलिस पेपर सौंपा जाएगा। बता दें कि संजीव लाल के नौकर के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में लगभग 32 करोड़ रुपये मिले थे।

***************

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार–झालसा की ओर से कल राज्यभर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसमें 10 लाख मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए उच्च न्यायालय में दो खंडपीठों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के बाद झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन षाड़गी और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद उच्च न्यायालय और रांची सिविल कोर्ट में लोक अदालत के लिए बनाई गई खंडपीठों का निरीक्षण करेंगे।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता गौरव कुमार ने कहा है कि आजादी के लगभग 75 वर्ष बीत जाने के बाद तक देश में औपनिवेशिक काल के कानून का सहारा लिया जा रहा था। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून में दंड को प्राथमिकता दी गई थी जबकि वर्तमान सरकार ने एक जुलाई से देशभर में न्याय के आधार पर बने कानून को लागू किया है। तीन नये कानून में देश के नागरिकों का ख्याल रखते हुए कई नए बदलाव किये गये हैं।

***************

राजधानी रांची, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग सहित राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। रांची में अब से थोड़ी देर पहले गरज के साथ बारिश शुरू हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्यभर में रूक–रूककर बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है।

***************

**संक्षिप्त खबरें–**

- साहिबगंज के बोरियो प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय में स्कूल संरक्षक विष्णुदेव कच्छप जिला परिवहन पदाधिकारी, और सड़क सुरक्षा सदस्यों द्वारा प्रोजेक्ट समीक्षा के तहत निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

- गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति की बैठक हुई जिसमें उपायुक्त ने बैंकवार हुए कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया।
- सिमडेगा जिले के कोचेडेगा में आज मुफस्सिल थाना भवन का उद्घाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, डीआईजी अनुप बिरथरे, उपायुक्त अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।